तत्काल

क्रमांक 46/1/95–5पोल
हरियाणा सरकार
मुख्य सचिव कार्यालय
राजनैतिक एवं संसदीय कार्य विभाग

दिनांक चण्डीगढ 25 जनवरी, 2021.

सेवा में,

1. आयुक्त, अम्बाला/हिसार/रोहतक/फरीदाबाद, करनाल और गुरूग्रांम मण्डल ।
2. हरियाणा राज्य के सभी उपायुक्त ।
3. हरियाणा राज्य के सभी उपमण्डल अधिकारी (ना0)

विषयः– भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था उन शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी 2021 को 11 बजे दो मिनट का मौन धारण करने बारे ।

----

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय पर मुझे आपका ध्यान हरियाणा सरकार के परिपत्र क्रमांक 9/3/83–पोल (5पी), दिनांक 21 मार्च, 1983, पृष्ठांकन क्रमांक 9/2/85–5पोल(5पी), दिनांक 16 दिसम्बर, 1985 तथा परिपत्र क्रमांक 9/22/88–पोल(5पी), दिनांक 16 जनवरी, 1989 की ओर ध्यान दिलाने एवं आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्रो में वर्णित हिदायतों के अनुसार गत वर्षों की भांति **इस वर्ष 30 जनवरी, 2021 को शनिवार सार्वजनिक अवकाश होने के कारण राज्य सरकार के सभी कार्यालयों में छुटटी रहेगी** । सार्वजनिक अवकाश होने के कारण कार्यालय के पत्र दिनांक 21.3.1983 के पैरा–2 में प्रावधान अनुसार कर्मचारियों को मौन रखने के लिए एक जगह इक्टठा करने की आवश्यकता नही और इस बारे निम्न कार्यवाही अपनाई जानी चाहिए :–

1. **30 जनवरी को 11 बजे पूर्वाहन समस्त हरियाणा राज्य में मौन रखा जाना चाहिए और यह मौन 2 मिन्ट पश्चात समाप्त होना चाहिए ।**

2. **11 बजे पूर्वाहन सिगनल दिया जाना चाहिये जिसे सुनकर सभी व्यक्तियों को रूक कर मौन धारण करना चाहिए ।**

3. **जहां तक सम्भव हो सके इन दो मिन्टों के लिए कारखानों में काम बन्द कर दिया जाना चाहिए और मार्गो में यातायात रूक जाना चाहिए । सिगन्ल बजने की व्यवस्था चण्डीगढ़ में संघीय क्षेत्र प्रशासन चण्डीगढ़ करेगा और जिला हैडक्वार्टस पर सम्बन्धित उपायुक्त करेगें।**

**इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा यह भी निर्देश दिये गये है कि समय –2 पर कोविड–19 के सम्बन्ध में जारी की गई हिदायतों तथा मानक संचालन प्रकिया की सख्ती से पालना की जाये ।**

भवदीय,

अधीक्षक, राजनैतिक ।
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

...2...

पृ0क्रमांकः– 46/1/95–5पोल                                        दिनांक चण्डीगढ 25 जनवरी, 2021.

एक प्रति उप सचिव, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली को उनके पत्र क्रमांक 2/2/2021–Public दिनांक 18.01.2021 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित की जाती है ।

अधीक्षक, राजनैतिक ।
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

पृ0क्रमांकः– 46/1/95–5पोल                                        दिनांक चण्डीगढ 25 जनवरी, 2021.

एक प्रति अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, स्कूल शिक्षा तथा उच्चतर शिक्षा विभाग को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों में शहीदी दिवस पूरे मनोयोग से मनाया जाए । स्वतंत्रता संग्राम पर भाषण, राष्ट्रीय एकीकरण का आयोजन हाईब्रिड मोड में किया जाये ।

अधीक्षक, राजनैतिक ।
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

पृ0क्रमांकः– 46/1/95–5पोल                                        दिनांक चण्डीगढ 25 जनवरी, 2021.

एक प्रति महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ को इस सम्बन्ध में आवश्यक प्रैस नोट जारी करवाने बारे प्रेषित की जाती है ।

अधीक्षक, राजनैतिक ।
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

पृ0क्रमांकः– 46/1/95–5पोल                                        दिनांक चण्डीगढ 25 जनवरी, 2021.

एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाती है :–

1. महानिदेशक, पुलिस, हरियाणा ।
2. महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, हरियाणा ।
4. महानिदेशक, प्राथमिक शिक्षा, हरियाणा ।

अधीक्षक, राजनैतिक ।
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।